प्रेस नोट

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 17.10.2024

- **थाना जानसठ पुलिस द्वारा 01 ईनामी अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार-**

दिनांक 17.10.2024 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री विनोद कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं- 282/23 धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम में वांछित तथा 10,000 के ईनामी अभियुक्त शादाब पुत्र इनायातउल्ला उर्फ विलायतउल्ला निवासी 216 स्ट्रीट नं0 7 रजा मस्जिद के पास चौहान बांगर गढ़ी मेडू थाना जाबराबाद उत्तर पूर्वी दिल्ली मूल निवासी वारिसराय जटबाजार थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को मुखबिर की सूचना पर मन्दौड़ी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किय गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जानसठ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना रामराज पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 17.10.2024 को थाना रामराज पर नियुक्त उ0नि श्री शिवदत्त मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0- 1966/18 धारा 414/420 भादवि व 41/102 सीआरपीसी में वारन्टी अभियुक्त इमरान पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी ग्राम बिहारी थाना सिखेड़ा, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना मीरापुर पुलिस द्वारा 03 वारन्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 17.10.2024 को थाना मीरापुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री ललित कुमार मय हमराहीगण द्वारा 1 वाद सं0- 1148/11/22 धारा 128 सीआरपीसी में वारन्टी अभियुक्त बबलू उर्फ बलवीर पुत्र मूलचन्द निवासी ग्राम कैलापुर जसमौर थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर। 2- वाद सं0- 2177/9/16 धारा 33/41/51/52 फोरेस्ट एक्ट व 379 भादवि में वारन्टी अभियुक्त सुक्का पुत्र मुन्तयाज निवासी ग्राम मुझेड़ा सादात थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर। 3- वाद सं0- 2177/9/16

धारा 33/41/51/52 फोरेस्ट एक्ट व379 भादवि में वारन्टी अभियुक्त मेहरबान पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम मुझेड़ा सादात थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ सहित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 17.10.2024 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री नवीन कुमार गौतम मय हमराहीगण द्वारा 02 शातिर अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण 1- कपिल पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम परासौली थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर 2- वसीम पुत्र महफूज अली निवासी मौहल्ला चन्देड़ी रोड मण्डी थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर को दौराने चैकिंग मुखबिर की सूचना पर जहीरपुर कट के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 03 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।